बर्षः- 06
अंकः- 21
मुरादाबाद
(Tuesday)
12 May 2026
पृष्ठः-8
मूल्यः- 3.00 रूपया

दैनिक
प्रातः कालीन
क्यूँ न लिखूँ सच
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001

मुरादाबाद से प्रकाशित

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

विकास और विरासत साथ लेकर आगे बढ़ रहा भारत, सोमनाथ अमृत महोत्सव में बोले PM मोदी

विपक्ष की आलोचना के बीच देश के उद्योगपतियों ने किया पीएम मोदी का समर्थन, देश की जनता से किया अनुरोध

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार से दो दिवसीय गुजरात दौरे पर हैं। सोमवार को गिर सोमनाथ में भव्य रोड शो के बाद उन्होंने सोमनाथ मंदिर में कुंभाभिषेक और पूजा अर्चना की। इसके बाद उन्होंने एक जनसभा को संबोधित किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, जब मैं पिछली बार यहां आया था, तब मैंने कहा था कि जिसके नाम में ही सोम अर्थात अमृत जुड़ा हो, उसे कौन नष्ट कर सकता है। इतिहास के लंबे कालखंड में इस मंदिर ने अनेक आक्रमण झेले। महमूद गजनवी, अलाउद्दीन खिलजी जैसे अनेक आक्रांता आए। लुटेरों

ने सोमनाथ मंदिर का वैभव मिटाने का प्रयास किया। वो सोमनाथ को एक भौतिक ढांचा मानकर उससे टकराते रहे। बार-बार इस मंदिर को तोड़ा गया। ये बार-बार बनता रहा। हर बार उठ खड़ा होता रहा! क्योंकि तोड़ने वालों को मालूम नहीं था कि हमारे राष्ट्र का वैचारिक सामर्थ्य क्या है। हम भौतिक शरीर को नश्वर मानने वाले लोग हैं। उसके भीतर बैठी आत्मा अविनाशी है। और शिव तो सर्वात्मा हैं।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, देश ने पोखरण परमाणु परीक्षण को ऑपरेशन शक्ति नाम दिया था, क्योंकि, शिव के साथ शक्ति की आराधना ही हमारी परंपरा रही है। शिव और शक्ति की हमारी आराधना का जो विचार है, वो देश की वैज्ञानिक प्रगति के लिए भी प्रेरणा बने। आज हम ये संकल्प भी साकार होते देख रहे हैं। मैं इस अवसर पर भगवान सोमनाथ के चरणों से सभी देशवासियों को ऑपरेशन शक्ति की वर्षगांठ की भी बधाई देता हूं।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, दुनियाभर की शक्तियां भारत को दबोचने के लिए मैदान में उतरी। अनेक प्रकार के बंधन लग गए। आर्थिक संभावनाओं के सारे रास्ते बंद कर दिए गए। 11 मई के बाद दुनिया हम पर टूट पड़ी थी। लेकिन 13 मई को फिर दो और परमाणु परीक्षण हुए थे। उससे दुनिया को पता चला था कि भारत की राजनीतिक इच्छाशक्ति कितनी अटल है। उस समय पूरी दुनिया का दबाव भारत पर था। लेकिन अटल जी के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने दिखाया था कि हमारे लिए राष्ट्र प्रथम है। दुनिया की कोई ताकत भारत को झुका नहीं सकती, दबाव में नहीं ला सकती।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, आज का दिन एक और वजह से भी विशेष है। 11 मई, 1998 यानी आज के ही दिन देश ने पोखरण में परमाणु परीक्षण किया था। देश ने 11 मई को पहले 3 परमाणु परीक्षण किए। हमारे वैज्ञानिकों ने भारत के सामर्थ्य को, भारत की क्षमता को दुनिया के सामने रखा। दुनिया में तूफान आ गया कि भारत कौन होता है, उसकी ये हैसियत, जो परमाणु परीक्षण करें।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, मैं यहां देख रहा हूं कि सोमनाथ का अमृत महोत्सव केवल अतीत का उत्सव नहीं है। ये अगले एक हजार वर्षों के लिए भारत की प्रेरणा का महोत्सव भी है।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, 75 साल पहले आज के ही दिन सोमनाथ मंदिर की पुनर्स्थापना... ये कोई साधारण अवसर नहीं था। अगर 1947 में भारत आजाद हुआ था तो, 1951 में सोमनाथ की प्राण प्रतिष्ठा ने भारत की स्वतंत्र चेतना का उद्घोष किया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, अभी कुछ ही महीने पहले मैं यहां आया था, तब हम सोमनाथ स्वाभिमान पर्व मना रहे थे। प्रथम विध्वंस के 1,000 वर्ष बाद भी सोमनाथ के अविनाशी होने का गर्व और आज इस आधुनिक स्वरूप की प्राण प्रतिष्ठा के 75 वर्ष, हम केवल दो आयोजनों का हिस्सा भर नहीं बनें, हमें हजार वर्षों की अमृत यात्रा को अनुभव करने का शिवजी ने मौका दिया है।उन्होंने कहा, दादा सोमनाथ के अनन्य भक्त के रूप में मैं कितनी बार यहां आया हूं, कितनी ही बार उनके सामने नतमस्तक हुआ हूं। लेकिन आज जब मैं यहां आ रहा था, तो समय की ये यात्रा एक सुखद अनुभूति दे रही थी।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक्स पर कहा, सोमनाथ में हर कोने में भक्ति का अनुभव किया जा सकता है। पुनर्निर्मित मंदिर के श्रद्धालुओं के लिए द्वार खुलने के 75 वर्ष पूरे होने पर अनगिनत लोग एक साथ जुटे हैं। वह दिन भारत की सभ्यतागत यात्रा में वास्तव में एक ऐतिहासिक मील का पत्थर था।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमनाथ मंदिर की विरासत और आध्यात्मिक महत्व को समर्पित स्मारक डाक टिकट और सिक्का जारी किया।

संक्षिप्त समाचार

जनता तेल-गैस कम इस्तेमाल करे, लेकिन भाजपा के रोड शो में तेल की कोई कमी नहीं, बोले आप सांसद संजय सिंह

आप सांसद संजय सिंह ने कहा कि भाजपा देश की जनता को सिर्फ वोट की मशीन समझती है। महंगाई और आर्थिक बोझ को देशभक्ति से जोड़कर मोदी सरकार जनता को गुमराह कर रही है।आम आदमी पार्टी के यूपी प्रभारी एवं राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने सोमवार को एक्स पर कहा कि पांच राज्यों के चुनाव खत्म होते ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी सरकार ने जनता का बोझ उठाने से हाथ खड़े कर दिए हैं। संजय सिंह ने कहा कि चुनाव तक सरकार जनता को भरोसा दिलाती रही कि देश में किसी चीज की कोई कमी नहीं है, लेकिन चुनाव समाप्त होते ही जनता को तेल, गैस और सोने का इस्तेमाल कम करने की सलाह दी जाने लगी।उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार महंगाई, बेरोजगारी और आर्थिक संकट को भी देशभक्ति से जोड़कर जनता को मानसिक रूप से दबाव में रखने का काम कर रही है, जबकि सत्ता के शीर्ष पर बैठे लोग खुद ऐशोआराम, विदेशी यात्राओं और भव्य आयोजनों में किसी प्रकार की कटौती नहीं कर रहे हैं।संजय सिंह ने कहा कि रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वयं यह कहा कि पिछले दो महीने से सरकार जनता का बोझ उठा रही थी। उन्होंने कहा कि इसका सीधा अर्थ यह है कि जब तक पांच राज्यों के चुनाव चल रहे थे, तब तक सरकार जनता को राहत देने का दिखावा करती रही

योगी के मंत्रिमंडल विस्तार पर मायावती ने दी प्रतिक्रिया, कहा- इसका सकारात्मक असर जनता में दिखना भी चाहिए

बसपा सुप्रीमो मायावती ने यूपी में किए गए मंत्रिमंडल विस्तार पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि इसका असर लोगों के जीवन पर दिखना भी चाहिए।बसपा सुप्रीमो मायावती ने यूपी में किए गए मंत्रिमंडल विस्तार पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि इसका असर लोगों के जीवन पर दिखना भी चाहिए।उन्होंने एक्स पर बयान जारी कर कहा कि वैसे तो मंत्रिमण्डल का घटाना-बढ़ाना व विस्तार आदि सत्ताधारी पार्टी का आन्तरिक राजनीतिक चिन्तन का मामला ज्यादा होता है और इसीलिये उत्तर प्रदेश मंत्रिमण्डल के कल हुये विस्तार के बारे में कुछ भी टीका-टिप्पणी करना उचित नहीं होगा, किन्तु कुल मिलाकर इसका अच्छा प्रभाव आमजन के हित के साथ-साथ ख़ासकर सर्वसमाज के गरीबों, मजदूरों, किसानों, युवाओं के जीवन की बेहतरी एवं महिला सुरक्षा-सम्मान आदि पर पड़ता हुआ दिखना भी जरूर चाहिये, वरना लोग इसको राजनीतिक जुगाड़ तथा सरकारी संसाधन पर बढ़ा हुआ बोझ ही मान लेंगे।इतना ही नहीं बल्कि समाज के हर वर्गों में भी विशेषकर कमजोर तबकों के जान, माल व मजहब की सुरक्षा व उन्हें न्याय मिलता हुआ महसूस होने पर सरकार व उनके सभी मंत्रियों के कार्यकलापों में परिलक्षित भी हो तो यह उचित होगा, जो कि सरकारों व उनके मंत्रियों की पहली संवैधानिक जम्मिेदारी बनती है। इसी क्रम में अभी हाल ही में राजधानी लखनऊ में ब्राह्मण समाज से ताल्लुक रखने वाले भाजपा के एक युवा नेता पर जानलेवा हमला होने से हर तरफ एक बार फिर से कानून-व्यवस्था के साथ-साथ इस बात पर भी चर्चा शुरू हो गयी है कि यूपी में ब्राह्मण समाज यहां केवल उपेक्षित ही नहीं बल्कि काफी असुरक्षित भी है जो अति-चिन्तनीय, जबकि बी.एस.पी. की रही सभी सरकारों में समाज के हर वर्ग के जान, माल व मजहब के साथ-साथ बेहतरीन क़ानून-व्यवस्था के तहत ब्राहमण समाज सहित समाज के सभी वर्गों को 'सर्वजन हिताय व सर्वजन सुखाय' की नीति व सिद्धान्त के अन्तर्गत न्याय और सुरक्षा दी गयी थी, जो कि सर्वविदित है। यूपी में रविवार को हुए मंत्रिमंडल विस्तार में छह मंत्री बनाए गए हैं। वहीं, दो का प्रमोशन हुआ है।

ये नाकामी के सबूत हैं : PM मोदी की अपील पर राहुल गांधी ने साधा निशाना, बोले- देश चलाना उनके बस की बात नहीं

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से की गई अपील पर निशाना साधते हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि यह नाकामी का सबूत है। उन्होंने कहा कि 12 साल में देश को इस मुकाम पर ला दिया है कि जनता को बताना पड़ रहा है कि वह क्या खरीदे, क्या न खरीदे, कहां जाए, कहां न जाए।कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर पलटवार किया। उन्होंने पश्चिम एशिया संकट से निपटने के लिए प्रधानमंत्री की ओ से की गई सात अपील पर निशाना साधा है। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट किया। पोस्ट में उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को समझौता करने वाला बताया। उन्होंने लिखा, मोदी जी ने कल जनता से त्याग मांगे- सोना मत खरीदो, विदेश मत जाओ, पेट्रोल कम जलाओ, खाद और खाने का तेल कम करो, मेट्रो में चलो, घर से काम करो। ये उपदेश नहीं- ये नाकामी के सबूत हैं।उन्होंने आगे लिखा, 12 साल में देश को इस मुकाम पर ला दिया है कि जनता को बताना पड़ रहा है- क्या खरीदे, क्या न खरीदे, कहां जाए, कहां न जाए। हर बार जिम्मेदारी जनता पर डाल देते हैं, ताकि खुद की जवाबदेही से बच निकलें। देश चलाना अब समझौता करने वाले प्रधानमंत्री के बस की बात नहीं। प्रधानमंत्री मोदी ने क्या कहा था?- प्रधानमंत्री मोदी ने रविवार को आयात पर निर्भरता कम करने की जरूरत पर जोर दिया था। उन्होंने कहा था कि हर परिवार को खाने के तेल का इस्तेमाल कम करना चाहिए और प्राकृतिक खेती की ओर बढ़ना चाहिए, ताकि विदेशी मुद्रा की बचत हो और पर्यावरण की रक्षा हो सके । प्रधानमंत्री सिकंदराबाद में एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कह कि खाने के तेल की खपत कम करने से लोगों की सेहत भी बेहतर होगी और देश की अर्थव्यवस्था भी मजबूत होगी। उन्होंने कहा, खाने के तेल के आयात पर देश को विदेशी मुद्रा खर्च करनी पड़ती है। अगर हर परिवार खाने के तेल का इस्तेमाल कम कर दे, तो यह देशभक्ति में बड़ा योगदान होगा। इससे देश के खजाने की सेहत भी सुधरेगी और परिवार के हर सदस्य की सेहत भी बेहतर होगी। उन्होंने रासायनिक खाद के आयात पर पड़ने वाले दबाव का भी जिक्र किया। प्रधानमत्री ने कहा कि भारत बड़ी मात्रा में विदेश से रासायनिक खाद खरीदता है। उन्होंने किसानों से इसके उपयोग को कम करने की अपील की। उन्होंने कहा, कृषि क्षेत्र में भी विदेशी मुद्रा खर्च होती है। हम विदेश से रासायनिक खाद आयात करते हैं। हमें इसका उपयोग आधा करना चाहिए और प्राकृतिक खेती की ओर बढ़ना चाहिए। इससे विदेशी मुद्रा की बचत होगी और हमारी जमीन व धरती माता भी सुरक्षित रहेंगी। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने देशभक्ति की नई परिभाषा भी दी और कहा कि हर भारतीय को आर्थिक मजबूती के लिए सामूहिक प्रयास करना चाहिए। उन्होंने कहा, देशभक्ति सिर्फ सीमा पर जान देने तक सीमित नहीं है। आज के समय में देशभक्ति का मतलब है जिम्मेदारी से जीवन जीना और रोजमर्रा की जिंदगी में देश के प्रति अपने कर्तव्यों को निभाना। प्रधानमंत्री मोदी ने लोगों से पेट्रोल और डीजल की खपत कम करने की भी अपील की। उन्होंने कहा कि जहां मेट्रो और सार्वजनिक परिवहन उपलब्ध हों, वहां उनका इस्तेमाल करना चाहिए। जरूरत पड़ने पर कार पूलिंग करनी चाहिए, सामान की ढुलाई के लिए रेलवे का अधिक उपयोग करना चाहिए और इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देना चाहिए।

नवनाथ मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा के लिए पहुंचे सीएम योगी, सुरक्षा में एक हजार जवान तैनात

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज बागपत के भगवानपुर नांगल गांव स्थित शिव गोरखनाथ आश्रम में नव नाथ मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा और स्थापना कार्यक्रम में शामिल होने के लिए पहुंचे हैं। पीएम यहां तकरीबन करीब सवा घंटा रहेंगे। धार्मिक कार्यक्रम के लिए कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज बागपत जनपद के भगवानपुर नांगल गांव स्थित शिव गोरखनाथ आश्रम में आयोजित नव नाथ मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे हैं। यह कार्यक्रम पूरी तरह धार्मिक है और इसमें किसी प्रकार की जनसभा या राजनीतिक गतिविधि नहीं होगी। मुख्यमंत्री यहां करीब सवा घंटे तक आश्रम में रहेंगे और मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा व स्थापना से जुड़े अनुष्ठानों में भाग लेंगे।मुख्यमंत्री

पौने चार बजे हेलीपैड पहुंचे जहां वह भगवानपुर नांगल के शिव गोरखनाथ आश्रम में पहुंचे। पूर्व सांसद डॉ सतपाल सिंह हेलीपेड से सीएम के साथ कार में बैठकर आए। सीएम के पहुंचने पर वंदे मातरम के नारे लगे।सीएम का परिसर में मौजूद संतों ने भव्य स्वागत किया। घंटा बजाया गया है और फिर सीएम नवनाथ मंदिर प्रांगण पहुंचे। यहां सीएम ने बाबा नवनाथ की समाधि पर पुष्पांजलि भेंट कर मंदिर में पूजा अर्चना की। यज्ञशाला में चल रहे यज्ञ में पूर्णाहुति दी। इस दौरान पंडित आचार्य सुनील गौतम ने मंत्रोच्चारण किया। कार्यक्रम समाप्त होने के बाद वह समाधि स्थल पर माथा टेकेंगे तथा माता मंदिर में भी दर्शन करेंगे। इसके साथ ही वह चादर विधि भी करेंगे और फिर वापस रवाना हो जाएंगे।तैयारियों का जायजा लेने पहुंचे मंत्री व भाजपा नेता- सीएम के पहुंचने से पहले भगवानपुर नांगल गांव में मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर तैयारियों का जायजा लिया। दोपहर को मंदिर परिसर में राज्य मंत्री केपी मलिक, पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. सत्यपाल सिंह और विधायक योगेश धामा समेत भाजपा के वरिष्ठ नेता पहुंचे और कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। नेताओं ने मंदिर परिसर में चल रही तैयारियों का जायजा लिया और स्थानीय कार्यकर्ताओं व प्रशासनिक अधिकारियों से व्यवस्थाओं की जानकारी ली। इस दौरान कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए। भाजपा नेताओं ने कहा कि मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर कार्यकर्ताओं और क्षेत्रीय लोगों में उत्साह है तथा कार्यक्रम को भव्य बनाने के लिए सभी तैयारियां तेजी से की जा रही हैं। अनुष्ठान- भगवानपुर नांगल गांव में नाथ संप्रदाय से जुड़े महंत अर्जुन नाथ का शिव गोरखनाथ आश्रम स्थित है। यहां नव नाथ मूर्ति स्थापना के लिए पिछले एक सप्ताह से धार्मिक कार्यक्रम और अनुष्ठान चल रहे हैं। सोमवार को प्राण प्रतिष्ठा के बाद मूर्तियों की विधिवत स्थापना की जाएगी।

संपादकीय Editorial

Will intellectuals contest the elections?

The municipal elections are a test of strength between the ruling party and the opposition. The BJP, taking the first step, broadened the landscape, making the elections so significant that the Congress has now created a whole new atmosphere for the cities. In such a scenario, the municipal corporations, now transformed into cantonments, will only leave Himachal's political landscape open to new experiments. This is also because the potential of some independents to garner votes could undermine the efforts of both major parties or, in the face of internal conflict, sabotage their dreams. Political parties are grappling with each other in an attempt to find their groove, and the election corridors are witnessing a fierce battle. Clearly, the elections are deeply entrenched in politics, and campaign material will be tainted with mud and slush. However, this is an opportunity for the people of Palampur, Mandi, Dharamshala, and Solan to express their political and social awareness. As the state's concerns emerge from the existence of cities, the need for state-level planning will increase. Cities also have municipal councils or panchayats, but it's important to examine Himachal's vision for a corporation. If the political and democratic apathy of the socially intelligent class continues, we'll only get a few political pillars in the form of councillors. It remains to be seen what the election promises become and how willingly the parties craft their manifestos. The irony is that urban thinking has upended the entire system by creating economic ghettos. Solan's masked urban vision fails to see that the lush green hills of yesteryear have become cement towers. Palampur has snatched away its tea gardens, and now the adjacent hills are being razed in the name of tourism. Dharamshala, while projecting its own exalted image, has turned McLeodganj into "Mailaganj," while the land mafia, posing as the champion of economic progress, reigns supreme. Mandi's struggle is its own cultural heritage, but it's worth noting that the BJP wants to make it a spectacle of its politics. Will we contest these elections to grant Mandi the status of cultural capital? Will these elections raise the issue of Solan achieving the title of safe apartment city? Will Palampur keep its inner "Palam" alive, creating an electoral sense of tea and flowing water in the canals, or will we become a mere big city in the midst of overcrowding? Dharamshala has received many nicknames, but beneath the labels of Mini Lhasa, Winter Capital, Sports City, or Tourism Capital, will it find any electoral concern? With the advent of urban elections, new sectors will be created in Bilaspur, Nahan will see the leaking of decrees from its ponds, or will Chamba's Chaugans regain their lost smile? When will the essays of the city of Ghumarwin, growing under the pressure of salary, be written? Will the tourism business, driven by Manali's glory, forget that the vastness of the city beyond this town also needs the comforts of the past? Cities associated with major temples also need comfort. When the Naina Devi temple draws pilgrims, what a plight the city experiences? Offices that have strayed from Shimla are shifting to cities, or young people are arriving for a new education, but are we classifying cities and establishing them as their identity? After all, what is the urban vote? Simply confining the parrot of votes in a political cage is a failure. For cities to become places of peaceful life, a happy landscape, a sea of ??thought, a temple of knowledge, and an anchor of the economy, the intelligentsia must extol the importance of their vote.

It's Essential to Distinguish Between Government and Country

In a democracy, it's wrong to consider the government and the country as one, because governments are temporary, while the country is permanent. Criticizing the government is not treason, but rather a citizen's duty for a healthy democracy. The government is temporary, the country is permanent; it's important to understand the difference. Criticizing the government is a citizen's democratic duty. The interests of the ruling party may differ from the national interest. One of the most fundamental truths of democracy is that the country and the government are not the same entity. This distinction is not merely theoretical, but fundamental to democratic health. The country is a vibrant, multi-layered, and constantly evolving collective consciousness, a collection of its diverse, conflict-ridden history, aspirations, and future. In contrast, the government is a temporary arrangement, elected by the people from time to time. Governments come and go, but the country endures. Obscuring this seemingly simple truth is weakening the very soul of democracy. Problems arise when the ruling party begins to present its political interests as the national interest. This trend is not new, but it has become more vocal and aggressive in today's times. Portraying criticism of the government as criticism of the country, equating dissent with treason, and equating the image of a single leader with the dignity of the nation are all tools to limit democratic discourse. This creates pressure on citizens to refrain from raising questions, lest they be branded "anti-national." This environment is completely contrary to the fundamental spirit of democracy: free thought and debate. In any healthy democracy, criticism is not only a right but also a duty of citizens. Questioning, analyzing, and, when necessary, opposing the government's policies, decisions, and practices are essential elements of active citizenship. If this process weakens, centralization of power increases and accountability diminishes. Whenever the government and the nation are considered one, democratic institutions are weakened, civil rights are undermined, and authoritarian tendencies flourish. The dignity and reputation of any high-ranking leader are undoubtedly important, but equating them with the dignity of the nation is a dangerous oversimplification. A nation's reputation depends not on the image of any individual, but on the strength of its institutions, the independence of its citizens, the impartiality of the judiciary, and the inclusive structure of society. When we begin to view criticism of a leader as an insult to the nation, we inadvertently disrupt the balance of democracy that should exist between institutions and individuals. It is pertinent to remember that in a democracy, institutions are greater than individuals. This trend of personality cult gradually weakens the institutional structure and threatens to transform democracy into a personality-centric system. The interests of the ruling party and the national interest are not always aligned. Every party naturally works for its own expansion, influence, and electoral success, and this is part of democratic politics. However, when these interests are presented as national interests and attempts are made to suppress voices of dissent, problems arise. This reduces the scope for diverse perspectives in policymaking and can lead to one-sided decisions. The essence of democracy is dialogue between diverse opinions, leading to policy development. Citizens play a central role in this debate. Active participation is essential in democracy. Asking questions, gathering information, evaluating policies, and forming independent opinions are all essential elements of democratic citizenship. If citizens shirk this responsibility, the imbalance of power increases and democracy begins to weaken. It is also important to understand that criticism does not necessarily mean opposition or negativity. Constructive criticism is a process through which policies are improved and governance becomes more effective. In a mature democracy, the government views criticism as an opportunity, not a threat. However, when criticism itself is perceived as hostility, it is a sign of democratic insecurity. Today, we need to clearly understand and maintain this distinction between the state and the government. We must recognize that governments are temporary, but the nation is permanent. Therefore, our paramount loyalty should not be to any party or individual, but to the values ??that define this country—democracy, justice, equality, sovereignty, and freedom. A strong democracy is one where citizens can fearlessly ask questions, where dissent is respected, and where governments hold themselves accountable to the people. Maintaining this essential distance between the state and the government is the greatest guarantee of democracy's security. If we forget this distinction, we not only shirk our civic responsibility but also weaken the democratic spirit that holds us together as a nation.

Victory in Tamil Nadu

Joseph Vijay's government in Tamil Nadu will face inexperience, populist promises, and the complexities of Dravidian politics. Following the swearing-in of the BJP government in Bengal, the wait is now for the formation of a government in Tamil Nadu, another state with an unexpected election result. Since TVK leader Joseph Vijay has garnered support from the Congress, the CPI(M), the CPI, the VCK, and the Indian Union Muslim League, which broke away from the DMK, his swearing-in as Chief Minister is beyond doubt. Vijay's rapid ascent from actor to politician is nothing short of miraculous. He formed his party two years ago and reached power in his first attempt. His victory underscores the unique craze for film stars in Tamil Nadu. This is precisely why film personalities like Karunanidhi, MGR, and Jayalalithaa have made their mark in politics. It's difficult to predict the political impact Vijay will make as Chief Minister, as he has no administrative experience. His government will be dependent on the support of five parties, so despite his popularity as an actor, governing will not be easy for him. It's true that Tamil Nadu is a relatively prosperous state, but given the sheer number of populist promises Vijay has made, fulfilling them will be difficult for him. Why do politicians in economically strong Tamil Nadu have to make so many populist promises? The answer to this question seems to be that a section of the state still remains mired in poverty. This is an anomaly. It's doubtful whether poverty can be alleviated by distributing freebies. In Vijay's case, it's also important to see whether he will pursue his politics in the same vein as the Dravidian parties or will he take a new path? It's no secret that Dravidian parties have been engaging in anti-Hindi politics, engaging in confrontation with Delhi, the central government, and in the name of Tamil identity, they have also been trying to promote Tamilism as if the state is distinct from the rest of the country. This Tamilism has often smacked of Kshatriya narrow-mindedness, along with a certain separatism. At present, it's difficult to know the ideology of Joseph, a Christian, and his political party. Isn't it strange that he considers the BJP a religious party, but not the Muslim League? Indeed, there are many questions about Vijay. One of these is whether his coming to power will intensify the conversion campaigns of Christian missionaries?

The Challenge of Bringing Bengal Back on Track

The issue of women's insecurity in Bengal also surfaced, as the rape and murder of a doctor from RG Kar Medical College and incidents of violence and abuse against women in Sandeshkhali shocked the people. TMC's defeat: misgovernance, Muslim appeasement, and infiltration ignored. Bangladeshi infiltration has changed the demographics of Bengal, becoming an election issue. Law and order and preventing political violence pose a major challenge for the BJP government. As soon as the Special Intensive Revision (SIR) process of voter list (SIR) began in West Bengal, Mamata Banerjee vehemently opposed it and even approached the Supreme Court. The Supreme Court not only upheld the SIR but also ordered its continuation. Furthermore, it entrusted judicial officers with monitoring the process. Mamata Banerjee also opposed the deployment of a large number of central forces in the state to ensure free and fair elections, claiming that the Election Commission was responsible for the absence of violence before and during the elections. Despite this, Mamata blamed the Election Commission for her defeat. By refusing to resign, she displayed childish political behavior. Undoubtedly, like in other states, millions of names of deceased, relocated, and duplicate voters were removed from the voter list in Bengal, but this cannot be used to conclude that the Trinamool Congress (TMC) lost due to the SIR. This allegation is proven false by the fact that the TMC won 13 of the 20 seats where the highest number of names were deleted. There is no denying that there may have been some discrepancies in the SIR, as no process is 100% accurate. But blaming the SIR for the TMC's defeat is an attempt to ignore the fact that Mamata's rule had become synonymous with misgovernance. Mamata, in power for 15 years, had crossed all limits of Muslim appeasement. In response, Hindus rallied behind the BJP, leading to its unexpected victory. The TMC's defeat was also due to Mamata herself becoming unpopular. This was due to illegal extortion and seizure of public property by their leaders and workers. The issue of women's insecurity in Bengal also came to the fore, as the rape and murder of a doctor from RG Kar Medical College and the violence and abuse of women in Sandeshkhali shocked the people. This further deepened the anti-incumbency sentiment against the TMC. Instead of admitting her mistakes, Mamata Banerjee is claiming that she has not lost, but has been defeated, which reflects her frustration. For the first few decades after independence, the Congress ruled Bengal, followed by the Left parties for more than three decades. When the Left's rule became synonymous with misgovernance, people supported Mamata Banerjee, who challenged them with the slogan of change, but gradually she too adopted the Left's tactics. One reason for this was that many leaders and workers of the Left parties joined the TMC. Mamata Banerjee, who once opposed Bangladeshi infiltration, began to ignore them in her greed for power and retention. She continued to deny the fact that infiltration was taking place from Bangladesh. She began defending the infiltrators, while the Hindu community was witnessing how Bangladeshi infiltrators had altered the demographics of Bengal's border areas, like Assam. This demographic change was creating social imbalance and hurting Hindu identity.

पीतल कारोबारी के घर डकैती, बदमाश 1.20 करोड़ की नकदी-जेवर लेकर फरार, परिजनों को बनाया बंधक

बांग्ला गांव के अकबर कंपाउंड में पीतल कारोबारी मोहम्मद इमरान के घर छह बदमाशों ने परिवार को तमंचों के बल पर बंधक बना लिया। घर में जमीन की रजिस्ट्री के लिए रखे 1.20 करोड़ रुपये, जेवर और मोबाइल लूट लिए।

जांच में जुटी है।मुरादाबाद की बंगला गांव स्थित अकबर रात करीब साढ़े तीन बजे पीतल कारोबारी एवं प्रॉपर्टी डकैती की वारदात को अंजाम खोलकर बदमाश अंदर घुसे के बल पर लेकर एक करोड़ के अलावा सात तोला सोना मिनट में इस वारदात को गए।पुलिस और फोरेंसिक टीम पड़ताल की है। पुलिस रही है। पुलिस के मुताबिक, कि उन्हें रविवार को एक प्रॉपर्टी इसलिए उन्होंने एक करोड़ अपने घर में रखे थे। कारोबारी रविवार की रात वह अपने बड़े में सो रहे थे। दूसरे कमरे में छोटा अरकान सो रहे थे। तीसरे कमरे में दो बेटियां अरीबा,अरीना थीं। रात करीब साढ़े तीन बजे छह नकाबपोश बदमाशों ने बाहर से किसी तरह गेट का लॉक खोल लिया और जीने के जरिए पहली मंजिल पर पहुंचकर परिवार के सभी छह सदस्यों को तमंचे के बल पर अपने कब्जे में ले लिया। इसके बाद उन्होंने रजिस्ट्री के लिए रखी गई रकम के बारे में पूछताछ की। उनके पास में ही रकम रखी थी। जिसे उन्होंने अपने कब्जे में ले लिया। इसके अलावा उनकी पत्नी के छह तोले सोने के जेवर लूट लिए। करीब दस मिनट बाद बदमाश सभी सदस्यों को एक कमरे में बंधक कर भागने लगे लेकिन इमरान के बेटे आरिफ ने दरवाजा अंदर से बंद नहीं होने दिया। उसने काफी दूर तक बदमाशों का पीछा किया। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस आ गई और जांच पड़ताल की। एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह ने बताया कि बदमाश डीवीआर भी ले गए हैं। आस पड़ोस के सीसीटीवी कैमरों से घटना का सच जाने का प्रयास किया जा रहा है। कुछ लोगों से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस व फॉरेंसिक टीम बेहद सुरक्षित माने जाने वाले कंपाउंड में रविवार की देर नकाबपोश छह बदमाशों ने डीलर इमरान के घर में दिया।बाहर से गेट का लॉक और पूरे परिवार को तमंचों बीस लाख रुपये की नकदी भी लूट लिया। करीब दस अंजाम देकर बदमाश भाग ने मौके पर पहुंचकर जांच कारोबारी से भी पूछताछ कर कारोबारी इमरान ने बताया की रजिस्ट्री कराने थी। बीस लाख रुपये जुटाकर ने पुलिस को बताया कि आरिफ के साथ एक कमरे उनकी पत्नी सीमा और

चचा जनसेवक हैं हमारे: मुरादाबाद में दौड़ रहीं 'विधायक' लिखी गाड़ियां, ज्यादातर दूसरे नाम पर दर्ज

मुरादाबाद में विधायक लिखी गाड़ियों की पड़ताल में बड़ा खुलासा हुआ। जांच में सामने आया कि विधायक लिखी 12 गाड़ियों में सिर्फ एक ही कार कुंदरकी विधायक रामवीर सिंह के नाम पंजीकृत थी, जबकि बाकी 11 वाहन अन्य लोगों, परिवार के सदस्यों और एक फर्म के नाम दर्ज मिले। परिवहन नियमों के बावजूद शहर में बड़ी संख्या में पदनाम लिखी गाड़ियां सड़कों पर दौड़ रही हैं।मुरादाबाद शहर में विधायक लिखी तमाम गाड़ियां सड़कों में दौड़ती गाड़ियां विधायकों के नाम पर दर्ज ही नहीं हैं। विधायक कार ऐसी थी जो विधायक रामवीर सिंह के नाम से दर्ज पाई आरटीओ कार्यालय में पंजीकृत हैं। यही हाल जिला पंचायत गाड़ियों का रहा। शहर में कांठ रोड हो, दिल्ली मार्ग हो या फिर जगह आपको विधायक लिखी गाड़ियां आसानी से नजर आ आगे भी गाड़ियां आसानी से देखी जा सकती हैं। अमर अलग-अलग इलाकों में दौड़ती नजर आईं। जब इन गाड़ियों के नाम पंजीकृत पाई गई। वह थी कुंदरकी विधायक रामवीर पाए गए। इसमें दो-तीन गाड़ियां माननीयों के परिवार के तो फर्म के नाम मिला। ये तो सिर्फ 12 गाड़ियों की पड़ताल सकती है। जबकि परिवहन विभाग के नियमों के मुताबिक में गाड़ी मिलती है उसी हालत में सड़क पर चलाई जानी चाहिए। जिला पंचायत अध्यक्ष-मेयर लिखी तीन-तीन कारें, नाम सिर्फ एक-एक मिलीं लेकिन एक-एक गाड़ियां ही जिला पंचायत अध्यक्ष और महापौर के नाम दर्ज पाई गईं। बाकी चार गाड़ियों के स्वामी दूसरे निकले। भाजपा जिलाध्यक्ष और महानगर अध्यक्ष लिखीं कारें भी शहर में जनप्रतिनिधियों के अलावा भाजपा जिलाध्यक्ष और महानगर अध्यक्ष लिखी गाड़ियां भी शहर में घूमती हैं। जिलाध्यक्ष लिखीं ऐसी तीन गाड़ियां दिखीं। इनमें एक गाड़ी जिलाध्यक्ष की है। बाकी दो गाड़ियां दूसरों के नाम दर्ज मिलीं। महानगर अध्यक्ष लिखी दो में से एक गाड़ी दूसरे के नाम दर्ज पाई गई। पत्नी के नाम दर्ज कार में चलते हैं एमएलसी एमएलसी गोपाल अंजान जिस कार से चलते हैं वह कार उनके नाम दर्ज नहीं है। यह कार उनकी पत्नी के नाम दर्ज है। जबकि एमएलसी डॉ. जयपाल सिंह व्यस्त जिस कार से चलते हैं वह उन्हीं के नाम दर्ज है। शोरूम से जिस रूप में गाड़ी निकलती है। वह उसी रूप में चलनी चाहिए। परिवहन विभाग के नियमानुसार गाड़ी पर किसी प्रकार का स्टीकर नहीं लगाना चाहिए। गाड़ी को मॉडीफाई भी नहीं कर सकते हैं। - संदीप कुमार पंकज, आरटीओ प्रवर्तन ऐसे वाहनों के खिलाफ बीच-बीच में अभियान चलाए जाते हैं। जिन पर जाति धर्म, राजनीतिक दल, विधायक आदि लिखे होते हैं। - सुभाष चंद्र गंगवार, एसपी ट्रैफिक विधायक लिखी गाड़ियां और उनके स्वामी- यूपी-21 सीबी 0009 (वाहन स्वामी = फौजान खान) यूपी-21 डीई 0009 (वाहन स्वामी = अनिरुद्ध अग्रवाल) यूपी-21 सीआर 0009 (वाहन स्वामी = अल्पना गुप्ता) यूपी-21 डीजे 4365 (वाहन स्वामी = मोहित गौर) यूपी-21 डीएम 2509 (वाहन स्वामी = आलोक चौधरी) यूपी-21 सीके 9009 (वाहन स्वामी = योगेश कुमार) यूपी-21 बीएम 0990 (वाहन स्वामी = नैंसी गुप्ता) यूपी-21 डीएफ 7119 (वाहन स्वामी = सौरभ) यूपी-21 डीएल 4567 (वाहन स्वामी = मधु सक्सेना) यूपी-21 सीसी 3060 (वाहन स्वामी = रामवीर सिंह) यूपी-21 डीआर 3060 (वाहन स्वामी = जेएडीई एक्सपोर्टस) यूपी-38 एई 6150 (वाहन स्वामी = असलम) जिला पंचायत अध्यक्ष लिखी गाड़ियां और उनके स्वामी यूपी-21 सीटी 2682 (वाहन स्वामी = जाहिद हुसैन) यूके-06 एई 9511 (वाहन स्वामी = शैफाली सिंह) यूके-18 एच 3552 (वाहन स्वामी = महेंद्र कुमार) मेयर लिखी गाड़ियां और उनके स्वामी यूपी-21 सीए 5550 (वाहन स्वामी = जेओ एक्सपोर्ट इंटरनेशनल) यूपी-21 डीडी 0505 (वाहन स्वामी = द नगर आयुक्त) यूपी-21 डीक्यू 0505 (वाहन स्वामी = विनोद कुमार अग्रवाल) भाजपा जिलाध्यक्ष लिखी गाड़ियां और उनके स्वामी यूपी-21 बीवी 9444 (वाहन स्वामी = रामअवतार सिंह) यूपी-21 बीजेड 7771 (वाहन स्वामी = अमित कुमार) यूपी-37 डीए 5060 - (वाहन स्वामी = अरविंद कुमार) भाजपा महानगर अध्यक्ष लिखी गाड़ी और उसके स्वामी यूपी-16 सीजे 3875 (वाहन स्वामी = गिरीश भंडूला) यूपी-21 सीपी 9597 (वाहन स्वामी = अनुराधा मलिक)

दिख जाएंगी लेकिन आपको जानकर हैरानी होगी कि अधिकांश लिखी 12 कारों की पड़ताल की गई तो इनमें केवल एक गई।बाकी 11 गाड़ियां अलग-अलग लोगों के नाम से अध्यक्ष, मेयर, भाजपा जिलाध्यक्ष और महानगर अध्यक्ष लिखी रामपुर रोड।किसी भी प्रमुख बाजार में देख लीजिए। हर जाएंगी। कुछ पॉश कॉलोनियों में तो बड़ी बड़ी कोठियों के उजाला की पड़ताल में भी ऐसी ही 12 गाड़ियां शहर के के बारे में रिपोर्ट जुटाई गई तो सिर्फ एक कार ही विधायक सिंह के नाम पर। जबकि 11 गाड़ियों के स्वामी दूसरे लोग सदस्यों के नाम दर्ज हैं। यही नहीं एक गाड़ी का रजिस्ट्रेशन है, बल्कि ऐसी गाड़ियों की संख्या इससे कहीं ज्यादा हो गाड़ी पर कुछ भी नहीं लिख सकते हैं। शोरूम से जिस हालत तीन-तीन गाड़ियां जिला पंचायत अध्यक्ष और महापौर लिखीं

लापता बच्चे का शव सेप्टिक टैंक में मिला, परिजन बोले- बिल्डर की लापरवाही, महिला ने भी दी थी धमकी

रामगंगा विहार हाई स्ट्रीट स्थित निर्माणाधीन पीएस ग्रीन सोसाइटी के खुले सेप्टिक टैंक में छह दिन से लापता सात वर्षीय हसन आलम का शव मिला। पोस्टमार्टम में डूबने से मौत की पुष्टि हुई है। बच्चे के पिता ने आर्किटेक्ट और ठेकेदार पर लापरवाही

सोसाइटी के खुले सेप्टिक टैंक में छह दिनों से कि बच्चे की मौत डूबने से हुई है।रविवार को आरोप लगाते हुए तहरीर दी है। बिहार के अररिया अपने परिवार के साथ सात माह पहले रामगंगा लिए आए थे।मजदूर वर्तमान में सागर सराय पत्नी कुरेशा ने बताया कि उसका बेटा हसन उस समय वह पति के साथ चिनाई का काम कर शुरू कर दी। इस दौरान उसके साथी अन्य मजदूर ने सिविल लाइंस थाने में गुमशुदगी की तहरीर टैंक में तराता हुआ देखा। टैंक खुला हुआ था। शुरू कर दिया। पिता हसीब ने बताया कि उसके धमकी दी थी वह पूरे परिवार को देख लेगी। सिविल लाइंस पुलिस ने परिजनों को समझाबुझा पोस्टमार्टम के बाद शव पुलिस ने परिजनों के सुपुर्द कर दिया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से पता चला कि बच्चे की मौत डूबनेडु की वजह से हुई है। डॉक्टरों के अनुसार बच्चे के पेट से काफी पानी भर गया था। बच्चे के पिता हसीब ने आर्किटेक्ट और ठेकेदार के खिलाफ सिविल लाइंस थाने में तहरीर दी। आरोप लगाया है कि टैंक को आर्किटेक्ट ने ढकवाया नहीं था। इसी वजह से उसका बेटा टैंक में गिर गया। एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह ने बताया कि परिजनों ने तहरीर देकर कुछ लोगों पर आरोप लगाए हैं। जांच के आधार पर पुलिस कार्रवाई करेगी।

का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है।रामगंगा विहार हाई स्ट्रीट स्थित निर्माणाधीन लापता बच्चे का शव शनिवार की शाम उतराता मिला। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से पता चला बच्चे के पिता ने आर्किटेक्ट और ठेकेदार की लापरवाही से बच्चे की मौत होने का जिले के सिकटी थाना क्षेत्र के पटरिया ग्राम निवासी हसीब और उसकी पत्नी कुरेशा बिहार स्थित हाई स्ट्रीट स्थित पीएस ग्रीन सोसाइटी के प्रोजेक्ट पर मजदूरी करने के निवासी राहुल गगनेजा के निर्माणाधीन मकान में रहते हुए काम कर रहे हैं। मजदूर की आलम (07) चार मई की दोपहर अन्य बच्चों के साथ खेलने के लिए निकला था। रही थी। देर तक बच्चे के आवास पर नहीं लौटने पर पति पत्नी ने उसकी खोजबीन भी बच्चे को ढूंढ़ने लगे लेकिन उसका पता नहीं चल सका। अंत में पांच मई को पति दी। इस बीच शनिवार देर शाम सोसाइटी के गार्ड ने निर्माणाधीन मकान के सेप्टिक रविवार सुबह शव की शिनाख्त होने पर परिजनों ने हत्या की आशंका जताते हुए हंगामा गांव की रहने वाली महिला से घटना के दो दिन पहले विवाद हुआ था। महिला ने उसने कहा कि धमकी देने वाली महिला गायब है। हंगामे की सूचना मिलने के बाद कर शांत किया। फिर भी महिलाएं सोसाइटी के बाहर धरना देकर बैठी हुई थी।

संक्षिप्त समाचार

मुरादाबाद में तीन दिन में छह डिग्री बढ़ा पारा, हवा की गति धीमी होने से बढ़ गई उमस, जनजीवन बेहाल

मुरादाबाद में बारिश के बाद अब मौसम तेजी से गर्म हो रहा है। पिछले तीन दिनों में अधिकतम तापमान में छह डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। अधिकतम तापमान 34.2 और न्यूनतम 24.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मुरादाबाद के मौसम में उतार-चढ़ाव का दौर जारी है। हाल ही में हुई बारिश के बाद अब तेज धूप निकलने से लोगों को गर्मी और उमस का सामना करना पड़ रहा है। पिछले तीन दिन में अधिकतम तापमान में 28 डिग्री से छह डिग्री सेल्सियस बढ़ गया है।मौसम विज्ञान विभाग की वेबसाइट के अनुसार मौसम साफ रहने की वजह से आगामी दिनों में तापमान में और बढ़ोतरी हो सकती है। सात मई की बारिश की बाद से लगातार गर्मी बढ़ रही है। रविवार को सुबह से ही मौसम साफ था।पिछले 24 घंटे की अपेक्षा अधिकतम और न्यूनतम तापमान में एक-एक डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी दर्ज की गई। अधिकतम तापमान 34.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। न्यूनतम 24.4 डिग्री सेल्सियस रहा। सुबह वातावरण में नमी 62 फीसदी और शाम को 55 फीसदी दर्ज की गई। हवा दक्षिण पूरब दिशा से पांच से दस किलोमीटर प्रति घंटा है। मौसम विज्ञान विभाग के डाटा संग्रह केंद्र के प्रभारी निसार अहमद ने बताया कि रविवार को दिनभर में कई बार हवा का रुख बदला है। पूरब दिशा से हवा चलने पर बीच-बीच में हल्के बादल आ रहे हैं। हवा की धीमी गति की उमस भी बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में मौसम साफ रहने का अनुमान है। हालांकि कहीं-कहीं हल्के बादल दिखाई दे सकते हैं।

शाकाहारी चावल की जगह परोस दी मांसाहारी बिरयानी, होटल में हंगामा

डिप्टीगंज चौराहे के पास स्थित रेस्टोरेंट में सादा चावल की जगह मांसाहारी बिरयानी परोस दी गई। खाने में मीट का टुकड़ा मिलने को लेकर हंगामा हो गया।

होटल संचालक और उसके साथियों पर मारपीट, नकदी व सोने की चेन छीनने तथा जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। इसकी वीडियो वायरल होने के बाद मामले ने तूल पकड़ लिया है। अधिवक्ता जितेंद्र कुमार छह मई की शाम अपने साथियों के साथ डिप्टीगंज स्थित रेस्टोरेंट में खाना खाने पहुंचे थे। इस रेस्टोरेंट पर मांसाहारी और शाकाहारी दोनों प्रकार का भोजन मिलता है। अधिवक्ता के अनुसार उन्होंने रेस्टोरेंट मालिक से शाकाहारी भोजन के बारे में पूछकर खाना मंगाया था। खाना खाते समय उनकी प्लेट में परोसे गए चावल के स्थान पर मांसाहारी बिरयानी परोस दी गई। खाना खाते वक्त चावल की प्लेट में मीट का टुकड़ा और हड्डी निकल आई। अधिवक्ता का आरोप है कि शिकायत करने पर होटल मालिक भड़क गया और जबरन वह खाना खाने का दबाव बनाने लगा। विरोध करने पर होटल संचालक और उसके 8-10 साथियों ने मारपीट कर दी। आरोप है कि इस दौरान उनकी जेब में रखे करीब 10 हजार रुपये और सोने की चेन भी छीन ली गई।पीड़ित पक्ष का कहना है कि घटना की वीडियो भी बनाई गई है, जिसमें खाने में मीट का टुकड़ा दिखाई दे रहा है। मामले की सूचना पुलिस को दे दी गई है। पीड़ित ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से शिकायत कर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है। वहीं पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।
संपादक - नरेश राज शर्मा
मो. 9027776991
RNI NO- UPBIL/2021/83001
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।
क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

महिला अस्पताल की खुली पोल

औचक निरीक्षण में डॉक्टर गायब, मरीज बेहाल... बाहर से दवाइयां और जांच कराने को मजबूर महिलाएं



क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली । जिला महिला चिकित्सालय में सोमवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब अपर जिलाधिकारी प्रशासन पूर्णिमा सिंह के नेतृत्व में प्रशासनिक अधिकारियों की टीम ने अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य व्यवस्थाओं की कई बड़ी लापरवाहियां सामने आईं। जांच टीम में उप जिलाधिकारी न्यायिक मीरगंज निधि डोडवाल, अपर उपजिलाधिकारी सदर मल्लिका नैन, जिला प्रोबेशन अधिकारी मोनिका राना और सहायक निदेशक मत्स्य गायत्री पाण्डेय भी शामिल रहीं।

निरीक्षण में सबसे बड़ा खुलासा तब हुआ जब महिला चिकित्सालय के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक त्रिभुवन प्रसाद ड्यूटी से गायब मिले। इतना ही नहीं, ड्यूटी रोस्टर में तैनात गायनेकोलॉजिस्ट डॉ. शमी और डॉ. मिनाक्षी भी अनुपस्थित पाई गईं। नर्सिंग और पैरामेडिकल स्टाफ के कई कर्मचारी भी ड्यूटी से नदारद मिले।

अल्ट्रासाउंड विभाग में मरीजों के आने-जाने का कोई वैध रजिस्टर नहीं मिला। मौके पर मौजूद रेडियोलॉजिस्ट डॉ. सी.पी. सिंह भी संतोषजनक जवाब नहीं दे सके, जिस पर संबंधित अधिकारियों को कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

अस्पताल में मरीजों के साथ दुर्व्यवहार की शिकायतें भी सामने आईं। अल्ट्रासाउंड वार्ड में तैनात वार्ड सहायक नीलम यादव के खिलाफ कई मरीजों ने अभद्र व्यवहार की शिकायत की, जिस पर कार्रवाई के आदेश दिए गए।सबसे चौंकाने वाली बात यह रही कि अल्ट्रासाउंड कराने के लिए मरीजों को तीन महीने बाद की तारीख दी जा रही है। वहीं इमरजेंसी गेट पर न स्ट्रेचर मिला और न ही व्हीलचेयर। मरीजों की मदद के लिए कोई वार्ड सहायक या गार्ड भी मौजूद नहीं था।

निरीक्षण के दौरान मरीज तरनीम ने बताया कि उसकी पैथोलॉजी जांच अस्पताल में नहीं हो रही और बाहर से जांच कराने में 1700 रुपये खर्च करने पड़ रहे हैं। वहीं पूनम शुक्ला नाम की महिला मरीज ने आरोप लगाया कि अस्पताल में प्रोजेस्ट्रोन इंजेक्शन उपलब्ध नहीं था, जिसके चलते उन्हें बाहर से इंजेक्शन लगवाना पड़ा।

हेल्प डेस्क की शिकायत पंजिका में दर्ज शिकायतों के निस्तारण की स्थिति भी स्पष्ट नहीं मिली, जिस पर अधिकारियों ने व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश भी जारी किए

डायलिसिस की नई तकनीक बनी किडनी मरीजों के लिए उम्मीद की किरण

क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली। किडनी फेलियर से जूझ रहे मरीजों के लिए अब आधुनिक डायलिसिस तकनीक नई जिंदगी लेकर आई है। पहले जहां मरीजों को बार-बार अस्पताल जाना पड़ता था और सामान्य जीवन प्रभावित होता था, वहीं अब एडवांस डायलिसिस तकनीकों और पर्सनलाइज्ड ट्रीटमेंट से मरीज बेहतर और सामान्य जीवन जी पा रहे हैं। आधुनिक हीमोडायलिसिस मशीनें शरीर से अतिरिक्त फ्लूइड और विषैले तत्वों को सटीक तरीके से बाहर निकालती हैं। ब्लड प्रेशर और ब्लड फ्लो की लगातार मॉनिटरिंग से उपचार अधिक सुरक्षित और प्रभावी हो गया है।

डॉ. अनिल प्रसाद भट्ट ने बताया कि हीमोडायाफिल्ट्रेशन (HDF) जैसी नई तकनीक मरीजों में थकान, सिरदर्द और मांसपेशियों में ऐंठन जैसी समस्याओं को कम करने में मददगार साबित हो रही है। इससे मरीजों को बेहतर नींद, भूख और आराम महसूस होता है। उन्होंने बताया कि होम डायलिसिस और पेरिटोनियल डायलिसिस जैसी सुविधाओं से मरीज घर पर ही इलाज करा सकते हैं, जिससे नौकरी, पढ़ाई और पारिवारिक जिम्मेदारियों को संभालना आसान हो जाता है। डॉक्टरों के अनुसार अब डायलिसिस केवल जीवन बचाने की प्रक्रिया नहीं, बल्कि बेहतर जीवन गुणवत्ता देने वाला आधुनिक चिकित्सा सिस्टम बन चुका है। सही इलाज, खानपान और विशेषज्ञों की देखरेख से मरीज सामान्य जीवन के साथ सामाजिक गतिविधियों में भी सक्रिय रह सकते हैं।

प्रिय सुधि पाठको आप अपना यहाँ शुभकामना सन्देश (Birthday, anniversary, any kind of message) कम कीमत में विज्ञापन छपवाए - 9027776991

संक्षिप्त समाचार

मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं वे बालिकाओं को सुरक्षा सम्मान सरकारी योजनाओं के बारे में जागरुक कराया गया

क्यूँ न लिखूँ सच / सिकंदर राजा / मुरादाबाद थाना मुगलपुरा

मिशन शक्ति अभियान के सम्बन्ध महिलाओं व बालिकाओं के साथ गोष्टी कर सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं जैसे- विधवा पेंशन योजना वृध्दावस्था पेंशन योजना सुकन्या समृद्धि योजना प्रधानमंत्री आवास योजना मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना ,कृषि कर भुगतान योजना, कन्या सुमंगला योजना , प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना आदि से अवगत कराते हुए एवं महिलाओं को उनकी सुरक्षा एवं सम्मान के प्रति जागरूक करते हुए विभिन्न हेल्पलाइन नंबर जैसे - राजकीय जूनियर हाई स्कूल में महिलाओं को हेल्पलाइन नंबर वूमेन पावर लाइन-1090 घरेलू हिंसा हेल्पलाइन-181 पुलिस आपातकालीन सेवा -112 स्वास्थ्य सेवा-102,108 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर -1076 चाइल्ड लाइन 1098 साइबर क्राइम 1930, आदि के बारे में जागरूक किया गया तथा साइबर अपराध के बारे में जानकारी दी गई व पंपलेट वितरण किए गए MST 02 थाना मुगलपुरा जनपद मुरादाबाद

जनपद के कृषि स्नातकों हेतु स्वरोजगार का सुनहरा अवसर

क्यूँ न लिखूँ सच / अरविंद कुमार / पीलीभीत -उप कृषि निदेशक राम मिलन सिंह परिहार ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा कृषि स्नातकों को स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने तथा किसानों को गुणवत्तापूर्ण कृषि निवेश के साथ कृषि प्रसार सेवायें उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रशिक्षित कृषि उद्यमी स्वालम्वन (एग्रीजंक्शन) योजना जनपद में संचालित है।

पात्रता-जनपद में निवास करने वाले बेरोजगार जो कृषि एवं सहबद्ध विषयों यथा कृषि व्यवसाय प्रबन्धन, उद्यान, पशुपालन, वानिकी, दुग्ध, पशुचिकित्सा, मुर्गी पालन जो किसी राज्य/केन्द्रीय विश्वविद्यालय या किसी अन्य विश्वविद्यालय से डिग्रीधारी हैं जो आई0सी0ए0आर0/यू0जी0सी0 द्वारा मान्यता प्राप्त हों, पात्र होंगे। आयु 40 वर्ष से अधिक न हो, अनुसूचित जाति, जनजाति एवं महिलाओं को आयु में अधिकतम 05 वर्ष की छूट। चयन प्रक्रिया-जनपद स्तर पर जिलाधिकारी/मुख्य विकास अधिकारी अधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा चयन। आवेदन प्रक्रिया-आवेदनकर्ता द्वारा आवेदन कृषि विभाग की विभागीय वेबसाइट अथवा https://agriculture.up.gov.in/Agrijunction पर दिये गये लिंक के माध्यम से ऑनलाइन किया जायेगा। आवेदन करने की अन्तिम तिथि 30 मई 2026 निर्धारित है। आवेदन करने हेतु कोई भी शुल्क देय नहीं होगा। अधिक जानकारी के लिए उप कृषि निदेशक कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

15 दिन की ट्रेनिंग... और शुरू करें अपना खुद का कारोबार

क्यूँ न लिखूँ सच /पं सत्यमशर्मा / बरेली। अगर आप हुनर सीखकर खुद का रोजगार शुरू करना चाहते हैं, तो ये खबर आपके लिए बेहद खास है। उत्तर प्रदेश खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड युवाओं को जरी-जरदोजी और दर्जी ट्रेड में फ्री ट्रेनिंग देकर आत्मनिर्भर बनाने जा रहा है। बरेली में जिला ग्राम उद्योग अधिकारी मनोज कुमार गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि उ0प्र0 खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड की कौशल सुधार प्रशिक्षण योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं को 15 दिवसीय व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस योजना के अंतर्गत जरी-जरदोजी ट्रेड में 25 और दर्जी ट्रेड में 50 अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा। प्रशिक्षण का उद्देश्य युवाओं को स्वरोजगार के लिए तैयार करना है, ताकि वे अपना खुद का उद्योग आसानी से स्थापित कर सकें। प्रशिक्षण पूरी तरह नि:शुल्क होगा और इसे मण्डलीय ग्रामोद्योग प्रशिक्षण केन्द्र पिपरौला शाहजहाँपुर, तहसील, ब्लॉक एवं जनपद स्तर पर प्रशिक्षार्थियों की सुविधा के अनुसार आयोजित किया जाएगा। ग्राफिक्स/फुल स्क्रीन= आयु सीमा = 18 से 45 वर्ष आवश्यक दस्तावेज = आधार कार्ड राशन कार्ड/परिवार आईडी जाति प्रमाण पत्र शैक्षिक प्रमाण पत्र फोटो बैंक पासबुक अधिकारियों के अनुसार चयन प्रक्रिया स्कोर कार्ड के आधार पर होगी। इच्छुक अभ्यर्थी 20 मई 2026 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। अगर आपके अंदर हुनर है और आप आत्मनिर्भर बनना चाहते हैं, तो इस मौके को हाथ से न जाने दें। अभी आवेदन करें और अपने सपनों को नया उड़ान दें।

मुंडिया अहमदनगर में गरजा प्रशासन का बुल्डोजर, श्मशान का रास्ता कराया मुक्त

क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / मजार और अवैध दीवारें ढहाकर खोला चकमार्ग = बीडीए ने अवैध कॉलोनी भी की ध्वस्त बरेली। थाना इज्जतनगर के गांव मुंडिया अहमदनगर (मजरा खेड़ा) में वर्षों से श्मशान भूमि के रास्ते पर काबिज अतिक्रमण को सोमवार को प्रशासन ने बुल्डोजर चलाकर जमींदोज कर दिया। बरेली-पीलीभीत हाईवे किनारे मजार और दीवारों की आड़ में बंद किए गए इस रास्ते को खुलवाने के लिए भारतीय किसान यूनियन (चढूनी) ने लंबा संघर्ष किया था, जिसके आगे आखिरकार प्रशासन को झुकना पड़ा। वर्षों का विवाद, अंत्येष्टि में होती थी हीला-हुज्जत- मुंडिया अहमदनगर में श्मशान भूमि जाने वाले सरकारी चकमार्गों पर एक निजी कॉलेज और कुछ लोगों ने मकान बना लिए थे। हद तो तब हो गई जब हाईवे किनारे रास्ते पर मजार बनाकर उसे पूरी तरह ब्लॉक कर दिया गया। ग्रामीण सालों से निजी खेतों से होकर शव ले जाने को मजबूर थे। हाल ही में एक अंत्येष्टि के दौरान रास्ता रोके जाने पर काफी कहासुनी हुई, जिससे ग्रामीणों का धैर्य जवाब दे गया। चढूनी गुट के आंदोलन से जागा प्रशासन- इस मुद्दे को लेकर भाकियू चढूनी के जिलाध्यक्ष केशव सिंह सोलंकी, अर्जुन यादव और राधेश्याम ने आर-पार की लड़ाई शुरू की थी। संगठन की ओर से दिए गए ज्ञापन, धरना-प्रदर्शन और भूख हड़ताल के बाद सोमवार को प्रशासनिक अमला गांव पहुंचा। नायब तहसीलदार विदित कुमार, कानूनगो जगदीश गंगवार, लेखपाल योगेंद्र कुमार व अनिल कुमार की मौजूदगी में बुल्डोजर ने कब्रिस्तान की दीवार और मजार के पास किए गए अवैध निर्माण को तोड़कर श्मशान का रास्ता साफ कर दिया।सुरक्षा के बीच चला पीला पंजा- कार्रवाई के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए बैरियर टू चौकी प्रभारी मोहित कुमार और एसआई रोहन राणा भारी पुलिस बल के साथ मुस्तैद रहे। इस दौरान ग्राम प्रधान धर्मेंद्र पटेल और कोटेदार मनोहर लाल भी मौजूद रहे। ग्रामीणों ने दबी जुबान से गांव की गुटीय राजनीति को इस अतिक्रमण का जिम्मेदार ठहराया और रास्ता खुलने पर भाकियू चढूनी को धन्यवाद दिया।बीडीए ने अवैध कॉलोनी पर भी की बड़ी कार्रवाई प्रशासनिक टीम जब श्मशान का रास्ता खुलवा रही थी, तभी निकट ही विकसित की जा रही एक अवैध कॉलोनी भी टीम की नजर में आ गई। बीडीए के जेई अजीत कुमार की देखरेख में बुल्डोजर ने तत्काल कार्रवाई करते हुए अवैध कॉलोनी के निर्माणों को ध्वस्त कर दिया। इस दोहरी कार्रवाई से पूरे क्षेत्र के भू-माफियाओं में हड़कंप मच गया।

